AMAR UJALA

Lucknow, Thursday, November 10, 2011

एलपीएस के प्रांशु और हिमांशु सबसे तेज

टीसीएस आईटी विज : नेशनल राउंड में यूपी-उत्तराखंड का करेंगे प्रतिनिधित्व

अमर उजाला ब्यूरो

गोमतीनगर टीसीएस आईटी विज में मौजूद छात्र-छात्राएं। विजेता छात्र (इनसेट में)

लखनऊ। संगीत नाटक अकादमी का संत गाडगे सभागार बुधवार को शानदार हाजिर-जवाबी, बेहतरीन तैयारी तथा प्रखर आत्मविश्वास का साक्षी बना। मौका था टीसीएस द्वारा आयोजित आईटी विज-2011 का। मंच व दर्शकदीर्घा दोनों के लिए ही सवाल-जवाब की इस दौड़ में भागीदारी के मौके थे। 100 से अधिक टीमों में चुनी गईं 6 श्रेष्ठ टीमों के बीच चली दिमागी कसरत में बाजी लगी लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर डी के होनहार छात्रों प्रांशु अग्रवाल एवं हिमांशु के हाथ।

प्रदेश के कई स्कूलों के 1200 से अधिक छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में पिकब्रेन के नाम से प्रसिद्ध क्विज मास्टर गिरि बाला सुब्रमण्यम ने उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड की सर्वश्रेष्ठ क्विज टीम के मुकाबले के लिए छह टीमों को मंच पर आवाज दी। इसमें राजधानी के लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर डी के प्रांशु अग्रवाल एवं हिमांशु , मर्सी मेमोरियल स्कूल कानपुर के शुभम त्रिपाठी एवं शिवम शर्मा, लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर आई के अभिषेक सिंह एवं शुभम सिंह, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, कानपुर के अरमान बर्मा एवं अक्षय सिंह, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल लखनऊ के अंश एवं समृद्घ कुदेशिया तथा माडर्न स्कूल अलीगंज के अंकित एवं फराज नोमानी शामिल रहे। फाइनल दौर चार राउंड से होकर गुजरा। एक्सपीरियेंस एंटीसिपेशन, डाइवर्सिटी, टीसीएस क्विक फायर, एक्सपीरियेंस ऑस एवं अचीवमेंट राउंड में सबको पीछे छोड़ एलपीएस सेक्टर-डी ने फाइनल का टिकट हासिल किया। लविवि के कुलपति प्रो. मनोज कुमार मिश्र एवं मुख्य सचिव अनूप मिश्र ने विजेता टीम के सदस्यों को गैलेक्सी टैब एवं डिजिटल कैमरा तथा रनरअप रही सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल लखनऊ के अंश व समृद्घ कुदेशिया को आइपॉड पुरस्कार में प्रदान किया गया। प्रांशु व हिमांशु दिसंबर में होने वाले नेशनल फाइनल में यूपी-उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।